लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम The Times of India
दिनांक 15.2.2020 पृष्ठ सं 6 कॉलम C-1



2 HAU girl students selected under exchange programme

## 2 HAU students to study in Japan

**Hisar:** Two students of the Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University (CCSHAU), Hisar, have been selected under the Tokyo NODAI special student exchange programme to obtain full-time scholarship at the Tokyo Agricultural University, Japan. HAU students Kalpana Yadav of MSc-1 (vegetable science), from Ramnagar village of Charkhi Dadri, and Parneel of BSc Agriculture (6-year programme), from Siswal village of Hisar, where selected under the memorandum of understanding (MoU) between the Hisar and Tokyo varsities for cooperation in agricultural research and education.

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम The Times of India
दिनांक 15.9.2020 पृष्ठ सं. 6 कॉलम 1

# 'Academia-Inc link missing'

**Hisar:** While addressing a two-day industry conclave on 'New Placement Avenues in Agriculture' at Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University (CCSHAU) vice-chancellor Professor K P Singh said all major universities abroad had progressed through industrial links. "However, such relations are not much established in India as there is a lack of trust between the two. We need to move beyond these doubts and be helpful to each other," he said. The conclave is organised under the National Agricultural Higher Education Project (NAHEP)-Institutional Development Plan (IDP).

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम अमर उजाला
दिनांक 15.2.2020 पृष्ठ सं. 6 कॉलम 1-6

# एचएयू की दो छात्राओं का टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय में हुआ चयन

अमर उजाला ब्यूरो



टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय के लिए चयनित हकृवि की छात्राएं कुलपति प्रो. केपी सिंह के साथ।

- छात्रा परिनील चार वर्ष और कल्पना यादव दो वर्ष के लिए करेंगी टोक्यो में अध्ययन
- हकृवि और टोक्यो विश्वविद्यालयों के बीच समझौता ज्ञापन के तहत चुना गया छात्राओं को
- प्रो. सिंह बोले - विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हमारे लिए सदैव सर्वोपरि

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार की दो छात्राओं का योग्यता के आधार पर छात्रवृत्ति के तहत स्नातक व स्नातकोत्तर डिग्री के लिए टोक्यो (जापान) कृषि विश्वविद्यालय में चयन हुआ है।

इनमें एमएससी वनस्पति विज्ञान प्रथम वर्ष की छात्रा रामनगर (चरखी दादरी) निवासी कल्पना यादव और बीएससी (कृषि छह वर्षीय कार्यक्रम) में पढ़ रही छात्रा सीसवाल निवासी परिनील शामिल हैं। इनका चयन स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत टोक्यो एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी जापान में पूर्णकालिक छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए हुआ है। दोनों छात्राओं को कृषि अनुसंधान और शिक्षा में सहयोग के लिए हकृवि, हिसार और टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय जापान के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत चुना गया है।

कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हमारे लिए सदैव सर्वोपरि रहा है। विवि द्वारा भविष्य में भी और अधिक विद्यार्थियों व शिक्षकों को शिक्षा एवं अनुसंधान के लिए विभिन्न देशों में भेजा जाएगा, ताकि विश्वविद्यालय के छात्र व शिक्षक अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के युग में अपने कौशल को निखार सकें। दोनों चयनित छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और विदेश में रहने और अध्ययन के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आरके झोरड़, को ऑर्डिनेटर इंटरनेशनल अफेयर्स डॉ. दलविंद्र पाल सिंह भी उपस्थित थे। दोनों छात्राएं ग्रामीण पृष्ठभूमि से हैं। परिनील बीएससी कृषि की छात्रा के रूप में अंतरराष्ट्रीय कृषि और खाद्य अध्ययन (चार वर्ष के कार्यक्रम) के संकाय में अध्ययन करेगी। कल्पना यादव एमएससी प्रथम वर्ष वनस्पति विज्ञान की छात्रा दो वर्ष के कार्यक्रम के रूप में उष्ण कटिबंधीय बागवानी विज्ञान की प्रयोगशाला में हाइड्रोपोनिक्स विषय पर अपना शोध कार्य करेंगी। इन दोनों छात्राओं को टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर द्वारा साल में 11 महीने के लिए 45000 येन की स्कॉलरशिप देगा और उनका रहना-खाना भी मुफ्त रहेगा।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....पंजाब केसरी....
दिनांक....15.2.2020.... पृष्ठ सं....4.... कॉलम....6-8....

# हकृवि की 2 छात्राओं का डिग्री के लिए टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय (जापान) में चयन



विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी.सिंह चयनित छात्राओं के साथ।

हिसार, 14 फरवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार की 2 छात्राओं का योग्यता के आधार पर छात्रवृत्ति के तहत स्नातक व स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त करने के लिए टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय (जापान) में चयन हुआ। गांव रामनगर, चरखी दादरी की कल्पना यादव एम.एससी. प्रथम वर्ष, वनस्पति विज्ञान, और गांव सिसवाल की परिनील, बी.एससी. कृषि 6 वर्षीय कार्यक्रम में पढ़ रही छात्राओं का चयन स्टूडैंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत टोक्यो एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी जापान में हुआ। दोनों छात्राओं को कृषि अनुसंधान और शिक्षा में सहयोग के लिए हकृवि और टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय, टोक्यो, जापान के बीच समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) के तहत चुना गया है।

## यह शोध करेंगी छात्राएं

दोनों छात्राएं ग्रामीण पृष्ठभूमि से है, परिनील बी.एससी. कृषि की छात्रा के रूप में अंतर्राष्ट्रीय कृषि और खाद्य अध्ययन (4 वर्ष के कार्यक्रम) के संकाय में अध्ययन करेंगी और कल्पना यादव एम.एससी. प्रथम वर्ष, वनस्पति विज्ञान, की छात्रा (2 वर्ष के कार्यक्रम) के रूप में उष्णकटिबंधीय बागवानी विज्ञान की प्रयोगशाला में हाइड्रोपोनिक्स विषय पर अपना शोध कार्य करेंगी। इन दोनों छात्राओं को टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर द्वारा साल में 11 महीने के लिए 45000 येन की स्कॉलरशिप देगा। कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा भविष्य में भी और अधिक विद्यार्थियों और शिक्षकों को शिक्षा और अनुसंधान के लिए विभिन्न देशों में भेजा जाएगा, ताकि विश्वविद्यालय के छात्र व शिक्षक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के युग में अपने कौशल को निखार सकें।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम दैनिक ट्रिब्यून, हरि भूमि
दिनांक 15.2.2020 पृष्ठ सं 4, 12 कॉलम 7-8, 7-8

## कल्पना, परिनील पढ़ाई के लिए जायेंगी टोक्यो



जापान के टोक्यो में अध्ययन के लिए चुनी गई छात्राएं कल्पना यादव व परिनील के साथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह। -निस

**हिसार (निस) :** स्टूडेंट एक्सचेंज छात्रवृति के तहत ग्रामीण आंचल की 2 छात्राओं का जापान के टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय में पढ़ाई करने के लिए चयन किया गया है। छात्राएं चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एमएससी व बीएससी की पढ़ाई कर रही हैं। छात्राओं में जिला चरखी दादरी के गांव रामनगर की कल्पना यादव एवं गांव सिसवाल जिला हिसार की परिनील शामिल हैं। दोनों छात्राओं को कृषि अनुसंधान और शिक्षा में सहयोग के लिए हकृवि हिसार और टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय टोक्यो जापान के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत चुना गया है। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हमारे लिए सदैव सर्वोपरि रहा है।

## दो छात्राओं का टोक्यो कृषि विवि में चयन

हिसार। हकृवि के दो छात्राओं का योग्यता के आधार पर छात्रवृत्ति के तहत स्नातक व स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त करने के लिए टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय जापान में चयन हुआ। गांव रामनगर, चरखी दादरी की कल्पना यादव; एमएससी प्रथम वर्ष, वनस्पति विज्ञान, और गांव सिसवाल, हिसार परिनील; बीएससी कृषि 6 वर्षीय कार्यक्रम में पढ रही छात्राओं का चयन स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत टोक्यो एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी जापान में हुआ। इन प्रोग्राम के तहत छात्राओं को टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय, जापान में पूर्णकालिक छात्रवृत्ति प्राप्त करने अवसर प्राप्त हुआ हैं। दोनों छात्राओं को कृषि अनुसंधान और शिक्षा में सहयोग के लिए हकृवि, हिसार और टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय, टोक्यो, जापान के बीच समझौता ज्ञापन एमओयू के तहत चुना गया है। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हमारे लिए सदैव सर्वोपरि रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा भविष्य में भी और अधिक विद्यार्थियों और शिक्षकों को शिक्षा और अनुसंधान के लिए विभिन्न देशों में भेजा जाएगा।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....दैनिक जागरण....
दिनांक...15.2.2020.... पृष्ठ सं....16.... कॉलम....1-3....

# खाद्य अध्ययन पर शोध करने टोक्यो जाएंगी एचएयू की दो छात्राएं

जागरण संवाददाता, हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के दो छात्राओं का योग्यता के आधार पर छात्रवृत्ति के तहत स्नातक व स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त करने के लिए टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय (जापान) में चयन हुआ। इनमें बीएससी एग्रीकल्चर में छात्रा परिनील अंतर्राष्ट्रीय कृषि और खाद्य अध्ययन (4 वर्ष के कार्यक्रम) के संकाय में अध्ययन करेंगी। वहीं वनस्पति विज्ञान में एमएससी प्रथम वर्ष की छात्रा कल्पना यादव (2 वर्ष के कार्यक्रम) उष्णकटिबंधीय बागवानी विज्ञान की प्रयोगशाला में हाइड्रोपोनिक्स विषय पर अपना शोध कार्य करेंगी। इन दोनों छात्राओं को टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर द्वारा साल में 11 महीने के लिए 45000 येन की स्कॉलरशिप देगा और उनका रहना और खाना निशुल्क रहेगा। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हमारे लिए सदैव सर्वोपरि रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा भविष्य में भी और अधिक विद्यार्थियों और शिक्षकों को शिक्षा और अनुसंधान के लिए विभिन्न देशों में भेजा जाएगा, ताकि विश्वविद्यालय के छात्र व शिक्षक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के युग में अपने कौशल को निखार सकें।

**04** वर्ष के कार्यक्रम में अध्ययन करेंगी छात्राएं

**11** महीने के लिए 45 हजार की मिलेगी स्कॉलरशिप

**करेंगी शोध**

- छात्रा परिनील अंतरराष्ट्रीय कृषि व खाद्य अध्ययन और छात्रा कल्पना यादव उष्णकटिबंधीय बागवानी विज्ञान पर करेंगी शोध

**इस कार्यक्रम में हुआ चयन:** छात्राओं का चयन स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत टोक्यो एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी जापान में हुआ। इन प्रोग्राम के तहत छात्राओं को टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय, जापान में पूर्णकालिक छात्रवृत्ति प्राप्त करने अवसर प्राप्त हुआ है। दोनों छात्राओं को कृषि अनुसंधान और शिक्षा में सहयोग के लिए हकृवि, हिसार और टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय, टोक्यो, जापान के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत चुना गया है। इस अवसर पर अधिष्ठाता, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, डॉ. आर.के. झोरड़, एवं को-ऑर्डिनेटर इंटरनेशनल अफेयर्स, डॉ. दलविंद्र पाल सिंह, भी उपस्थित थे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....दैनिक भास्कर....
दिनांक...15.2.2020.... पृष्ठ सं....6.... कॉलम...1-6...

# एग्रीकल्चर स्टूडेंट्स के लिए फील्ड और रिसर्च के अलावा प्रोडक्ट डेवलपमेंट, लेबोरेट्री और रोबोटिक साइंस में भी हैं बेहतर अवसर

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि क्षेत्र में रोजगार के नये आयाम विषय पर दो दिवसीय औद्योगिक कॉन्क्लेव का समापन किया गया। इस कॉन्क्लेव के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह रहे।


तारा चरण।

ईटीएच ज्यूरिख विश्वविद्यालय, स्विट्जरलैंड के प्रो. यूजस्टर वर्नर, यूनिवर्सिटी ऑफ कोपेनहेगन, डेनमार्क के डॉ. सोरेन के. रसमुसेन, विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित थें। अनुसंधान निदेशक डॉ. आरएस सहरावत ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। जहां एक ओर विवि के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने शैक्षणिक संस्थानों व औद्योगिक संस्थाओं में साझेदारी के अवसरों की कमी का कारण दोनों पक्षों में विश्वास की कमी को बताया था। तो कार्यक्रम में पहुंचे विभिन्न उद्योगपतियों ने उनकी इस बात से संतुष्टि जाहिर करते हुए विद्यार्थियों को कृषि के क्षेत्र में नए आयामों की जानकारियां दी। कार्यक्रम में कृषि में स्किल डेवलपमेंट को लेकर स्टूडेंट व अन्य अतिथियों से सुझाव लिए गए। साथ ही कुछ उद्योगपतियों ने यहां पढ़ने वाले बच्चों को इस क्षेत्र में विभिन्न कार्यों व रास्तों से अवगत करवाया।

## विद्यार्थियों को नहीं थी अलग फील्ड की जानकारी

करनाल के बायर लिमिटेड से आए फिल्ड डेवलेपमेंट के मेनेजर तारा चरण ने बताया कि इस कॉनक्लेव में कृषि के क्षेत्र में डेवलप हो चुके रोजगार व उद्योगों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी देने के लिए पहुंचे। स्टूडेंट्स को केवल फील्ड या रिसर्च की नौकरी के बारे में ही पता था। इस प्रोग्राम में वे विद्यार्थियों को अपनी कंपनी में जॉब देने के लिए भी चुनते है इसलिए विद्यार्थियों को इसमें नए रास्तों के बारे में बताया। कृषि के क्षेत्र में न केवल कृषक बनने व टीचर बनने के अलावा प्रोडक्ट डेवेलंपमेंट, लेबोरेट्री साइंस, सप्लाई चेन, फॉर्मुलेशन टेक्नोलॉजी, डिडीटलाइजेशन, आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस, रोबोटिक साइंस जैसे कई डिपार्टमेंट में एग्रीकल्चर स्टूडेंट्स के लिए भरपूर जॉब ऑफर है। इसे समझने के लिए बच्चों के व्यवहार में शालीनता होनी जरूरी है।

## कल्पना व परिनील जापान की टोक्यो एग्रीकल्चर युनिवर्सिटी में निशुल्क करेंगी पढ़ाई, एचएयू ने टोक्यो युनिवर्सिटी से साइन किया एमओयू

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के दो छात्राओं का योग्यता के आधार पर छात्रवृत्ति के तहत स्नातक व स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त करने के लिए जापान की टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय में चयन हुआ है। चरखी दादरी के गांव रामनगर निवासी कल्पना यादव एमएससी वनस्पति विज्ञान प्रथम वर्ष की छात्रा व, हिसार के गांव सीसवाल निवासी परिनील बीएससी कृषि 6 वर्षीय की छात्रा का चयन स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत इस यूनिवर्सिटी में हुआ है। इन प्रोग्राम के तहत छात्राओं को टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय, जापान में पूर्णकालिक छात्रवृत्ति प्राप्त करने अवसर प्राप्त हुआ हैं। दोनों छात्राओं को कृषि अनुसंधान और शिक्षा में सहयोग के लिए एचएयू और टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय जापान के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत चुना गया है। चुनी गई दोनों छात्राएं ग्रामीण पृष्ठभूमि से है। परिनील बीएससी कृषि की छात्रा के रूप में अंतर्राष्ट्रीय कृषि और खाद्य अध्ययन के संकाय में अध्ययन करेगी और कल्पना यादव एमएससी प्रथम वर्ष, वनस्पति विज्ञान, की छात्रा के रूप में ऊष्णकटिबंधीय बागवानी विज्ञान की प्रयोगशाला में हाइड्रोपोनिक्स विषय पर अपना शोध कार्य करेगीं। इन दोनों छात्राओं को टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर द्वारा साल में 11 महीने के लिए 45000 येन की स्कॉलरशिप देगा और उनका रहना और खाना भी फ्री रहेगा। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हमारे लिए सदैव सर्वोपरि रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा भविष्य में भी और अधिक विद्यार्थियों और शिक्षकों को शिक्षा और अनुसंधान के लिए विभिन्न देशों में भेजा जाएगा, ताकि विश्वविद्यालय के छात्र व शिक्षक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के युग में अपने कौशल को निखार सकें। दोनों चयनित छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और विदेश में रहने और अध्ययन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस मौके पर डॉ. आरके झोरड़, एवं को-ऑर्डिनेटर इंटरनेशनल अफेयर्स, डॉ. दलविंद्र पाल सिंह मौजूद रहे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम नभ छोर
दिनांक 14.2.2020 पृष्ठ सं 2 कॉलम 2-5

# हकृवि की छात्राएं कल्पना व परिनील टोक्यो में शिक्षा के लिए चयनित

हिसार/14 फरवरी/रिपोर्टर



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के दो छात्राओं का योग्यता के आधार पर छात्रवृत्ति के तहत स्नातक व स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त करने के लिए टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय (जापान) में चयन हुआ। गांव रामनगर, चरखी दादरी की कल्पना यादव एमएससी प्रथम वर्ष, वनस्पति विज्ञान, और गांव सीसवाल की परिनील बीएससी कृषि 6 वर्षीय कार्यक्रम में पढ़ रही छात्राओं का चयन स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत टोक्यो एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी जापान में हुआ। इन प्रोग्राम के तहत छात्राओं को टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय, जापान में पूर्णकालिक छात्रवृत्ति प्राप्त करने अवसर प्राप्त हुआ हैं। दोनों छात्राओं को कृषि अनुसंधान और शिक्षा में सहयोग के लिए हकृवि, हिसार और टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय, टोक्यो, जापान के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत चुना गया है। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हमारे लिए सदैव सर्वोपरि रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा भविष्य में भी और अधिक विद्यार्थियों और शिक्षकों को शिक्षा और अनुसंधान के लिए विभिन्न देशों में भेजा जाएगा, ताकि विश्वविद्यालय के छात्र व शिक्षक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के युग में अपने कौशल को निखार सकें। उन्होंने दोनों चयनित छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और विदेश में रहने और अध्ययन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि दोनों छात्राएं ग्रामीण पृष्ठभूमि से है, परिनील बीएससी कृषि की छात्रा के रूप में अंतर्राष्ट्रीय कृषि और खाद्य अध्ययन (4 वर्ष के कार्यक्रम) के संकाय में अध्ययन करेंगी और कल्पना यादव एमएससी प्रथम वर्ष, वनस्पति विज्ञान, की छात्रा (2 वर्ष के कार्यक्रम) के रूप में उष्णकटिबंधीय बागवानी विज्ञान की प्रयोगशाला में हाइड्रोपोनिक्स विषय पर अपना शोध कार्य करेंगी। इन दोनों छात्राओं को टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर द्वारा साल में 11 महीने के लिए 45000 येन की स्कॉलरशिप देगा और उनका रहना और खाना भी फ्री रहेगा। इस अवसर पर अधिष्ठाता, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, डॉ. आरके झोरड़, एवं को-ऑर्डिनेटर इंटरनेशनल अफेयर्स, डॉ. दलविंद्र पाल सिंह उपस्थित थे।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........पाठक पक्ष........

दिनांक..14.2.2020........ पृष्ठ सं.....5........ कॉलम.....4-7.....

# विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हमारे लिए सदैव सर्वोपरि - प्रो. सिंह

## हकृवि की दो छात्राओं का डिग्री के लिए टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय जापान में चयन

हिसार, 14 फरवरी (निस) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के दो छात्राओं का योग्यता के आधार पर छात्रवृत्ति के तहत स्नातक व स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त करने के लिए टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय (जापान) में चयन हुआ। गाँव रामनगर, चरखी दादरी की कल्पना यादव, एमएससी प्रथम वर्ष, वनस्पति विज्ञान, और गाँव सिसवाल, हिसार परिनील, बीएससी कृषि 6 वर्षीय कार्यक्रम में पढ़ रही छात्राओं का चयन स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत टोक्यो एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी जापान में हुआ। इन प्रोग्राम के तहत छात्राओं को टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय, जापान में पूर्णकालिक छात्रवृत्ति प्राप्त करने अवसर प्राप्त हुआ है। दोनों छात्राओं को कृषि अनुसंधान और शिक्षा में सहयोग के लिए हकृवि, हिसार और टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय, टोक्यो, जापान के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत चुना गया है। कुलपति प्रो. के. पी. सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हमारे लिए सदैव सर्वोपरि रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा भविष्य में भी और अधिक विद्यार्थियों और शिक्षकों को शिक्षा और अनुसंधान के लिए विभिन्न देशों में भेजा जाएगा, ताकि विश्वविद्यालय के छात्र व शिक्षक अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के युग में अपने कौशल को निखार सकें। दोनों चयनित छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और विदेश में रहने और अध्ययन के बारे में महत्वपूर्ण



जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि दोनों छात्राएं ग्रामीण पृष्ठभूमि से है, परिनील बीएससी कृषि की छात्रा के रूप में अंतर्राष्ट्रीय कृषि और खाद्य अध्ययन (4 वर्ष के कार्यक्रम) के संकाय में अध्ययन करेगी और कल्पना यादव एमएससी प्रथम वर्ष, वनस्पति विज्ञान, की छात्रा (2 वर्ष के कार्यक्रम) के रूप में उष्णकटिबंधीय बागवानी विज्ञान की प्रयोगशाला में हाइड्रोपोनिक्स विषय पर अपना शोध कार्य करेगी। इन दोनों छात्राओं को टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर द्वारा साल में 11 महीने के लिए 45000 येन की स्कॉलरशिप देगा और उनका रहना और खाना भी फ्री रहेगा। इस अवसर पर अधिष्ठाता, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, डॉ. आर.के. झोरड़, एवं को-ऑर्डिनेटर इंटरनेशनल अफेयर्स, डॉ. दलविंद्र पाल सिंह भी उपस्थित थे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम सिटी पल्स
दिनांक 14.2.2020 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 1-4

# हकृवि की दो छात्राओं का डिग्री के लिए टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय में चयन

## साल में 11 महीने के लिए 45 हजार येन की स्कॉलरशिप मिलेगी

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की दो छात्राओं का योग्यता के आधार पर छात्रवृत्ति के तहत स्नातक व स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त करने के लिए टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय (जापान) में चयन हुआ। गांव रामनगर, चरखी दादरी की कल्पना यादव एमएससी प्रथम वर्ष, वनस्पति विज्ञान और गांव सीसवाल, हिसार परिनील बीएससी कृषि 6 वर्षीय कार्यक्रम में पढ़ रही छात्राओं का चयन स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत टोक्यो एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी जापान में हुआ। इन प्रोग्राम के तहत छात्राओं को टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय, जापान में पूर्णकालिक छात्रवृत्ति प्राप्त करने अवसर प्राप्त हुआ है। दोनों छात्राओं को कृषि अनुसंधान और शिक्षा में सहयोग के लिए हकृवि, हिसार और टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय, टोक्यो, जापान के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत चुना गया है।



हिसार। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह चयनित छात्राओं के साथ।

कुलपति प्रो. के. पी. सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हमारे लिए सदैव सर्वोपरि रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा भविष्य में भी और अधिक विद्यार्थियों और शिक्षकों को शिक्षा और अनुसंधान के लिए विभिन्न देशों में भेजा जाएगा, ताकि विश्वविद्यालय के छात्र व शिक्षक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के युग में अपने कौशल को निखार सकें। इन दोनों छात्राओं को टोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर द्वारा साल में 11 महीने के लिए 45000 येन की स्कॉलरशिप देगा और उनका रहना और खाना भी फ्री रहेगा। इस अवसर पर अधिष्ठाता, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, डॉ. आर.के. झोरड़ एवं को-ऑर्डिनेटर इंटरनेशनल अफेयर्स, डॉ. दलविंद्र पाल सिंह भी उपस्थित थे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम पंजाब केसरी
दिनांक 15.2.2020 पृष्ठ सं 2 कॉलम 1

# हकृवि का राष्ट्रीय महिला दिवस व कृषक महिला जागरूकता कार्यक्रम आज

मंडी आदमपुर, 14 फरवरी (गोयल): गांव सीसवाल में हकृवि के गृह विज्ञान महाविद्यालय की अंतिम वर्ष की छात्राओं व जम्भ शक्ति संस्था के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायत सीसवाल के सहयोग से ग्रामीण कृषक कार्य अनुभव कार्यक्रम के तहत चल रहे जागरूकता कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

गांव के सरपंच घीसाराम लुगरिया ने बताया कि 15 फरवरी को सीसवाल गांव में सुबह 10 बजे कन्या हाई स्कूल में आयोजित महिला जागरूकता कार्यक्रम राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर सिरसा से सांसद सुनीता दुग्गल मुख्य अतिथि होंगी जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता हकृवि के कुलपति डा. के.पी. सिंह करेंगे।